'होम ऑफ हिमालयाज़' पहल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (UTDB) ने **सुरम्य आदि कैलाश और ओम पर्वत के पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिये **प्राइम फोकस टेक्नोलॉजीज़ (PFT)** के साथ साझेदारी की है। PFT अपनी AI क्षमता और असाधारण मीडिया सेवाओं के लिये प्रसिद्ध है।

- इस **साझेदारी का उद्देश्य** 'होम ऑफ हिमालयाज़' पहल के तहत **क्षेत्र के वीडियो** बनाना है।

मुख्य बिंदु:

- UTDB और PFT के बीच सहयोग से **उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद** मिलेगी, जिससे इसके **विविध परिदृश्य, समृद्ध विरासत** एवं **अद्वितीय पर्यटन अनुभव प्रदर्शित** होंगे।
- PFT द्वारा शुरू की गई "होम ऑफ हिमालयाज़" पहल **दो प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित** है:
  - उत्तराखंड पर्यटन ब्रांड पहचान को नया स्वरूप देना
  - पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री तैयार करना।
  - 'होम ऑफ हिमालयाज़' पहल वैश्विक मान्यता की ओर उत्तराखंड की यात्रा में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (UTDB)

- यह **राज्य में पर्यटन से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह** देता है। वैधानिक बोर्ड की अध्यक्षता उत्तराखंड सरकार के पर्यटन मंत्री करते हैं और उत्तराखंड के मुख्य सचिव इसके उपाध्यक्ष हैं।
- पर्यटन के प्रमुख सचिव/सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। इसमें **निजी क्षेत्र से पाँच गैर-सरकारी सदस्य** और **पर्यटन से संबंधित मामलों के विशेषज्ञ** भी होते हैं।

आदि कैलाश और ओम पर्वत

- आदि कैलाश को **शिव , छोटा कैलाश, बाबा कैलाश** या **जोंगलिंगकोंग चोटी** के नाम से जाना जाता है, यह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में हिमालय पर्वत शृंखला में स्थित एक पर्वत है।
- ओम पर्वत **कैलाश मानसरोवर यात्रा का भी एक हिस्सा** है, जिसमें तिब्बत में कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा शामिल है।
- आदि कैलाश और ओम पर्वत के पूजनीय पर्वत **उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में भारत-चीन सीमा पर स्थित** हैं।
- भगवान **शिव के भक्तों के लिये** दोनों चोटियाँ **धार्मिक महत्त्व** रखती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/home-of-the-himalaya-s-initiative